YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)

Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 15.06.2018

DAINIK BHASKAR

वाईएमसीए को रक्तदान में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मान

फरीदाबाद | वाईएमसीए विश्वविद्यालय को रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सम्मानित किया गया। विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में डीसी अतुल कुमार ने यह सम्मान प्रदान किया। विश्वविद्यालय की ओर से डॉ. प्रदीप कुमार ने पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र प्राप्त किया। यह सम्मान विश्वविद्यालय को वर्ष 2017-18 में जीवन रक्षा एवं रक्तदान से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन तथा इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है।

YMCA University of Science & Technology
(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 15.06.2018

PUNJAB KESARI(DELHI)

रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों में प्रत्येक व्यक्ति को हिस्सा लेना चाहिए : कुलपति

फरीदाबाद ,राकेश देव (पंजाब केसरी): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद को रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए जिला रैड क्रॉस सोसायटी द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान विश्वविद्यालय को आज जिला रैड क्रॉस सोसायटी एवं भारत विकास परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रक्तदाता दिवस् के उपलक्ष्य आयोजित एक कार्यक्रम में जिला उपायुक्त अतुल कुमार द्वारा प्रदान किया गया।

विश्वविद्यालय की ओर से निदेशक, सांस्कृतिक एवं युवा कल्याण डॉ प्रदीप कुमार डिमरी ने पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र प्राप्त किया। यह सम्मान विश्वविद्यालय को वर्ष 2017.18 में जीवन रक्षा एवं रक्तदान से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन तथा इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। कुलपति प्रो॰ दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय की रैडक्रॉस इकाई को सम्मान मिलने पर बधाई दी है।

विश्व रक्तदाता दिवस पर मिले प्रशंसा पत्र तथा पुरस्कार को दिखाते हुए कुलपति प्रो॰ दिनेश कुमार।

कुलपति ने कहा कि रक्तदान जैसी गतिविधियों का आयोजन शिक्षा का हिस्सा है, जो ध्देने के सुख की अनुभूति करवाता है और दूसरों के लिए मदद करने के लिए आगे आने की शिक्षा देना है। रक्तदान शिविर जैसे आयोजन विद्यार्थियों को समाज के प्रति उनके दायित्वों को समझने और निर्णय लेने की प्रेरणा देते है।

उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों में प्रत्येक व्यक्ति को हिस्सा लेना चाहिए।

NEWS CLIPPING: 15.06.2018

AMAR UJALA

वाईएमसीए रक्तदान में विशेष योगदान के लिए सम्मानित

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए जिला रेडक्रास सोसाइटी द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य आयोजित एक कार्यक्रम में जिला उपायुक्त अतुल कुमार द्विवेदी द्वारा दिया गया। निदेशक, सांस्कृतिक एवं युवा कल्याण डॉ. प्रदीप कुमार डिमरी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। ब्यूरो

NEWS CLIPPING: 15.06.2018

PUNJAB KESARI

वाईएमसीए को मिला सम्मान

फरीदाबाद, 14 जून (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद को रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए जिला रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान विश्वविद्यालय को आज जिला रैडक्रॉस सोसायटी एवं भारत विकास परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में 'विश्व रक्तदाता दिवस' के उपलक्ष्य आयोजित एक कार्यक्रम में जिला उपायुक्त अतुल कुमार द्वारा प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय की ओर से निदेशक, सांस्कृतिक एवं युवा कल्याण डॉ. प्रदीप कुमार डिमरी ने पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र प्राप्त किया। यह सम्मान विश्वविद्यालय को वर्ष 2017-18 में जीवन रक्षा एवं रक्तदान से संबंधित कार्यक्रमों के आयोजन तथा इस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है।